24 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 4/24/2025 9:39 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 8 सालों में कनहर एनीकट के जर्जर चार गेट की नहीं हो सकी मरम्मत




Chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET Dropper Batch
CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE
अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुर, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुर 1 नं., जगदलपुर (छ.ग.)
9202462730

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 25/04/2025 (संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


### स्वास्थ्य मंत्री ने दिए निर्देश, जुलाई 2022 से चल रही है प्रक्रिया

# तीन साल पहले लिए गए 445 पदों के लिए आवेदन, अब व्यापम से होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में तीन वर्षों से लंबित 445 पदों पर भर्ती के मामले में नया मोड़ आ गया है। अब शासन द्वारा व्यापम के जरिए भर्ती प्रकिया की जाएगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने इस संबंध में निर्देश दे दिए है लेकिन इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि जिन सवा लाख से अधिक बेरोजगारों ने आवेदन किया था उनका अब क्या होगा। फिलहाल इस बारे में कॉलेज प्रबंधन के पास भी कोई जवाब नहीं है।

**खास बात**

- आवेदन करने वाले बेरोजगार कर रहे इंतजार

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा मेडिकल कॉलेज में 39 पदों के 445 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी। कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया हेतु अधिसूचना जुलाई 2022 में जारी की गई थी और अगस्त माह तक आवेदन लिए गए। कॉलेज प्रबंधन द्वारा नियम के तहत पांचवीं अनुसूची के तहत यह भर्ती सिर्फ सरगुजा संभाग के युवाओं के लिए निकाली गई थी और मेडिकल कॉलेज में नौकरी पाने के लिए संभाग भर से युवाओं ने आवेदन किए थे। आवेदन करने के लिए स्पीड पोस्ट का प्रावधान किया गया था जिसके बाद पोस्ट ऑफिस में आवेदन फॉर्म जमा करने को लेकर युवा जद्दोजहद करते नजर आए थे। इस दौरान विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। सारी मुसीबतों को झेलते हुए 445 पदों के लिए संभाग से मेडिकल कॉलेज में 65 हजार से अधिक आवेदन आए थे लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने 2012 से लागू नियम को निरस्त कर दिया और हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने उन अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया जिसके तहत ये भर्तियां की जा रही थी। इन अधिसूचनाओं को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 के विपरीत माना गया था जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। इसके साथ ही बाद में प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई आरक्षण नीति के कारण मामला अटक गया। प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति को मंजूरी नहीं मिल पाई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश में 58 प्रतिशत आरक्षण के साथ भर्तियों की अनुमति प्रदान कर दी और कोर्ट के निर्देश के बाद एक बार फिर से राज्य स्तर पर अधिसूचना जारी कर 445 पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए। कोर्ट के निर्देश पर पुनः आवेदन लिए गए तो इनकी संख्या बढ़कर 1 लाख 25 हजार से अधिक हो गई।



### अधिकारी नहीं करा पाए स्क्रूटनी

इस भर्ती प्रक्रिया में लेटलतीफी का सबसे बड़ा कारण यह है कि विभिन्न पदों के लिए प्रदेशभर से सवा लाख आएदन आए और इन आवेदनों की स्क्रूटनी मेडिकल कॉलेज प्रबन्धन को ही करनी थी। हैरानी की बात तो यह है कि दो साल में अस्पताल प्रबन्धन आवेदनों की स्क्रूटनी नहीं कर पाया। स्क्रूटनी के बाद ही यह तय किया जाता कि किन पदों पर सीधे किन पदों पर परीक्षा होगी और किन पदों पर सीधे साक्षात्कार लेकर नौकरी दी जाएगी। आवेदनों की छटनी में लेटलतीफी को लेकर प्रबंधन का तर्क है कि प्रबंधन के पास कर्मचारियों की कमी है और समिति फैकल्टी पढ़ाई और अस्तपाल की व्यवस्था देखने के बाद स्क्रूटनी का काम करते है लेकिन इन दो वर्षों में कितने आवेदनों की स्क्रूटनी हो पाई यह भी अब तक सामने नहीं आ पाया है।

### अब होगी व्यापम से भर्ती

लगभग तीन वर्षों से लंबित 445 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को अब प्रदेश की भाजपा सरकार ने व्यापम के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। इस हेतु प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रबन्धन को निर्देश दे दिए है लेकिन अब एक बड़ा सवाल यह है कि जिन सवा लाख लोगों ने नौकरी की आस में घंटों लाइन में लगकर आवेदन किया और फीस की उनका क्या होगा। क्या इन आवेदनकर्ताओं को फिर से व्यापम के तहत भर्ती के आवेदन करना होगा या फिर पूर्व में लिए गए आवेदन के आधार पर ही भर्ती होगी। इसे लेकर फिलहाल कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिल पाए है।

### व्यापम से होगी भर्ती

पिछली सरकार ने भर्ती में कई प्रकार के व्यवधान कर रखे थे। उन्होंने भर्तियाँ नहीं की। अब हम व्यापम के माध्यम से भर्ती कराएंगे ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती हो सके।

-श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री

### जल्द पूर्ण करनी चाहिए प्रक्रिया

सरकार कोई भी हो भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण होनी चाहिए। पिछली सरकार ने कोई लापरवाही नहीं की। ऐसा नहीं है कि 2018 में कांग्रेस की सरकार में आने के बाद भर्ती की प्रक्रिया को लेकर कोई अलग से नियम चलाए गए। ये नियम दशकों से चले आ रहे थे। यदि सरकार को लगता है कि भर्ती प्रक्रिया के ठीक नहीं थे तो नई प्रक्रिया करने में सरकार डेढ़ साल का समय नहीं लगना चाहिए था और अब तक सरकार को भर्ती कर देनी चाहिए थी। सरकार को एक दो महीने में भर्ती कर देनी चाहिए।

-टीएस सिंहदेव, पूर्व उप मुख्यमंत्री



## शादी से लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शादी समारोह से लौटे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव उसके घर के बिस्तर पर भी मिला है लेकिन उसके शरीर पर चोट के निशान है ऐसे में उसकी मौत को लेकर पुलिस भी संदेह की नजर से देख रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

- हत्या की संभावना, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम सूर के बखरीपारा निवासी 21 वर्षीय शिव नारायण पैकरा आ. राजेंद्र पैकरा राजमिस्त्री का काम करता था और खाने-पीने का आदि था। 23 अप्रैल को भी युवक शराब पीने के बाद गांव में चल रही एक शादी में नाचने के लिए चला गया। युवक रात लगभग डेढ़ बजे घर आया और फिर बिना खाना खाए ही सो गया। गुरुवार की सुबह जब परिजन ने युवक को उठाने का प्रयास किया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। जब परिजन ने पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। ऐसे में युवक के मौत की जानकारी परिजन ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम व फोरेंसिक द्वारा शव को मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक रूप से अब की जांच में युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले है जिससे उसकी हत्या किए जाने की शंका भी जताई जा रही है। इस संबंध में जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में मारपीट की बात सामने आई है। विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा कि मौत चोट गिरने के है या फिर मारपीट के। पुलिस द्वारा जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### राज्यपाल रमेन डेका आज शहर में, लेंगे समीक्षा बैठक

**अम्बिकापुर।** राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर शहर में में रहेंगे। राज्यपाल 25 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे सर्किट हाउस बलरामपुर से अम्बिकापुर हेतु रवाना होंगे। प्रातः 10 बजे सैनिक स्कूल अंबिकापुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक गतिविधियों पर संवाद करेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे 11.15 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.55 तक का समय आरक्षित रहेगा। जिसके पश्चात 3.55 बजे वे जिला कलेक्टरेट हेतु रवाना होंगे तथा 4 बजे कलेक्टरेट कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करेंगे। तत्पश्चात जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 6 बजे राज्यपाल रमेन डेका केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का स्थल निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात सायं 6.30 बजे से रात्रि 10.10 बजे तक का समय सर्किट हाउस अंबिकापुर में आरक्षित रहेगा।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में निशा का चयन

**अंबिकापुर।** सरगुजा की गतका खिलाड़ी निशा टोप्पो का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में किया गया है। निशा टोप्पो दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगी। बता दें कि दिल्ली में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता गतका खेल का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिला गतका संघ से शासकीय कन्या उमावि की छात्रा निशा टोप्पो का चयन हुआ है। निशा टोप्पो सरगुजा के ग्रामीण अंचल से निकल कर देश की राजधानी दिल्ली में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में खिलाड़ियों के लिए गतका खेल एक अच्छा अवसर है। सरगुजा के गांधी स्टेडियम में गतका खेल का सम्पूर्ण संसाधन उपलब्ध है। जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।



### खाद्य प्रतिष्ठानों, ठेले-खोमचे की जांच हेतु संयुक्त टीम गठित

**अम्बिकापुर।** अंबिकापुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों, ठेले-खोमचे, पेय पदार्थ विक्रेताओं के द्वारा साफ-सफाई नहीं रखने एवं गुणवत्ताविहीन खाद्य सामग्री प्रदान किए जाने की शिकायतों के मद्देनजर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सह अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आदेश जारी किया है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन एवं प्रशान्त कुमार तिवारी तथा नगर निगम अम्बिकापुर के स्वच्छता निरीक्षक शक्ति पाण्डेय को संयुक्त टीम बनाकर उपरोक्त प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के कार्यों में लाएं अपेक्षित प्रगति : डेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



गुरुवार को राज्यपाल रमेन डेका जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बकुल (मौलश्री) के पौधे लगाए और लोगों को पर्यावरणीय संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। वहीं विभिन्न शासकीय योजना के तहत हितग्राहियों को हितग्राही मूलक सामग्री प्रदान किया।

- राज्यपाल ने ली विभागीय बैठक, कलेक्टोरेट परिसर में किया पौधरोपण

इसके साथ ही राज्यपाल ने सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए जल स्तर बढ़ाने विशेष प्रयास करने, जल संचयन के लिए प्रेरित करने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने की बात की। राज्यपाल श्री डेका ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा महिलाओं के आजीविका संवर्धन के लिए विशेष प्रयास करने एवं नवाचार अपनाने की बात कही। राज्यपाल श्री डेका ने जिल में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए चालाए जा रहे विशेष अभियान पीएम जनमन योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके सभी प्रमुख बिंदुओं पर विभागीय समन्वयन से अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटना पर संज्ञान लेते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर उचित रोक लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों का विश्लेषण करने तथा जनहित के लिए पूरी संवेदना और सहभागिता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने जिले में विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर सहित विभिन्न ढांचों का निर्माण, टीबी उन्मूलन के लिए निक्षय निरामय, आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों पर बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने बताया कि स्व. सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने एवं आजीविका संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहा है। एसपी बैंकर वैभव रमनलाल ने बताया कि जिले में नशा उन्मूलन के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नशे के अवैध व्यापार करने वाले असामाजिक तत्वों पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ तेज गति से वाहन चलाने, क्षमता से अधिक सवारी, सीट बेल्ट, नाबालिकों द्वारा वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे 6 पैरामीटर पर पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान सचिव सीआर प्रसन्ना, डीएफओ अशोक तिवारी, अपर कलेक्टर आरएस लाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नवपदस्थ आईजी दीपक झा ने किया पदभार ग्रहण

**अम्बिकापुर।** सरगुजा रेंज के नव पदस्थ आईजी दीपक कुमार झा ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि हाल ही में राज्य शासन द्वारा बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों के तबादले किए है और सरगुजा संभाग में आईजी अंकित गर्ग के स्थान पर 2007 बैच के आईपीएस दीपक कुमार झा की पदस्थापना की गई है। पदभार ग्रहण दौरान वर्तमान पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग एवं नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक की उपस्थिति में पदभार आदान प्रदान किया गया।



सरगुजा रेंज आगमन पर सर्वप्रथम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश अग्रवाल एवं जिले के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत सम्मान किया गया, तत्पश्चात सलामी गॉर्ड द्वारा पुलिस महानिरीक्षक को सलामी दी गई। पदभार ग्रहण करने पश्चात जिले पुलिस अधीक्षक एवं राजपत्रित पुलिस अधिकारियो से परिचय प्राप्त कर जिले के वस्तुस्थिति से अवगत हुए। सामान्य बैठक पश्चात पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समस्त शाखाओं का भ्रमण कर ऑफिस के समस्त स्टाफ से रूबरू होते हुए उनके कार्यों का अवलोकन किया।

## संयुक्त संचालक ने रोकी दो नर्सिंग स्टॉफ की वेतन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बरगीडीह में 8 घंटे प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला, मृत पैदा हुआ बच्चा

सरगुजा में लचर हुई स्वास्थ्य व्यवस्था, समय पर उपचार नहीं मिलने से 2 नवजातों की मौत

नर्स के भरोसे अस्पताल, जन्मा मृत बच्चा

**खबर का असर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में समय पर एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। संभागीय संयुक्त संचालक ने जांच के बाद इस मामले में दो नर्सिंग स्टाफ को दोषी माना है। जेडी द्वारा दोनों नर्सिंग स्टाफ के एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- एम्बुलेंस नहीं मिलने से नवजात की मौत का मामला, खबर प्रकाशन के बाद हुई कार्रवाई

बता दें कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम मिर्गाडांड निवासी संरक्षित पंडो जनजाति की गर्भवती महिला 26 वर्षीया दुर्गा पति तुलेश्वर गर्भवती थी। 16 अप्रैल को महिलाको प्रसव पीड़ा शुरू हुई जिसके बाद महतारी एम्बुलेंस को सूचना दी गई थी लेकिन एम्बुलेंस के गांव पहुंचने से पहले ही महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया था। प्रसव के बाद महिला को उपचार के लिए परिजन व मितानिन द्वारा सीएचसी उदयपुर में भर्ती कराया गया था जहां नवजात का नाभी नाल काटने के बाद उस वजन किया गया था। नवजात का वजन ढाई केजी था और वह पूर्ण रूप से स्वस्थ बताया जा रहा था लेकिन अचानक ही नवजात की तबीयत बिगड़ गई और सांस लेने में तकलीफ होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। बच्चे को दोपहर 3 बजे चिकित्सक ने रिफर किया था और उसके बाद संजीवनी 108 एम्बुलेंस को मामले की जानकारी परिजन द्वारा दी गई थी लेकिन एम्बुलेस नहीं पहुंची। तीन घंटे इंतजार करने के बाद गंभीर नवजात ने देर शाम 6 बजे दम तोड़ दिया। नवजात की मौत के बाद परिजन ने मामले में लापरवाही का आरोप लगाया था और कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया और खबर प्रकाशन के बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मरीज को रिफर किए जाने और एम्बुलेंस नहीं आने की जानकारी नर्सिंग स्टाफ द्वारा बीएमओ को नहीं दी गई। नवजात को रिफर करने के बाद नर्सिंग स्टाफ ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अब इस मामले में सीएमएचओ के नेतृत्व में जांच व बीएमओ के स्पष्टीकरण में स्टाफ नर्स कुमारी पुनिता कुजूर एवं अंजना भगत की लापरवाही सामने आई। उन्होंने ना ही एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए संपर्क किया और ना ही उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया। ऐसे में जेडी डॉ. अनिल शुक्ला ने दोनों नर्सिंग स्टाफ का एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दिया है। इस संबंध में जेडी डॉ. शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति पर दिया जोर, सुविधाओं का होगा विस्तार

# मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण का कार्य शीघ्र किया जाए पूर्ण : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्वशासी समिति की बैठक ली। बैठक के दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का काम शीघ्रपूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने उन्होंने रेडियोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट एवं अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने पर बल दिया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी, स्मार्ट क्लासरूम, कॉन्फ्रेंस सिस्टम और अन्य आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सुविधाओं की स्थापना और सुधार पर विचार किया गया जिसमें सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा व्यवस्था, लेक्चर हॉल में इंटरएक्टिव पैनल, एग्जाम हॉल में एयर कंडीशनर, छात्रावास में वाटर कूलर, वॉटर प्यूरीफायर और अग्निशमन यंत्र, काउंसिल हॉल में ऑडियो-वीडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम, ई-ऑफिस हेतु कंप्यूटर, इंटरनेट, लॉन्ड्री मशीन, जनरेटर सेट, ई-टोकन सिस्टम, सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन और इलेक्ट्रिक व्हीकल, बोरवेल खनन एवं पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम और इंडोर स्पोर्ट्स कोर्ट, मरीजों की सुविधा हेतु हाई मास्क लाइट, एप्रोच रोड व सुरक्षा गार्ड की तैनाती जैसे विषयों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रबंधन संबंधी कार्यों में विलंब ना हो यह सुनिश्चित करने को कहा और मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वशासी समिति के बजट, वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के आय-व्यय, क्रय-विक्रय की प्रक्रिया, ऑडिट देयक, सेमिनार और वार्षिक उत्सव कार्यक्रमों के खर्चों की स्वीकृति, तथा तृतीय बैठक की कार्यवाही विवरण पर भी चर्चा की गई और कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक उपरान्त मंत्री ने मेडिकल कॉलेज के छात्रावास का निरीक्षण कर एमबीबीएस छात्र छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान सांसद चिंतामणि महराज, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, कलेक्टर, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेशराम, संभागीय स्वास्थ्य संचालक डॉ. अनिल शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. पी.एस. मार्को, भारत सिंह सिसोदिया, अखिलेश सोनी, अलोक दुबे सहित अन्य मौजूद थे।



### मरीजों से की मुलाकात

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 14 करोड़ की लागत से स्थापित 1.5 टेस्ला की एमआरआई मशीन का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में एमआरआई जांच की दरें राज्य के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अनुरूप ही रखी गई हैं। प्लेन एमआरआई की दर 3500 रुपये तथा कंट्रास्ट एमआरआई की दर 5000 रुपये निर्धारित की गई है। उद्घाटन उपरान्त उन्होंने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से संवाद कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश की जनता को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस दिशा में और भी कई योजनाएं जल्द ही आरंभ किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### संतोष जायसवाल बने उपसरपंच संघ के अध्यक्ष

**उदयपुर।** उदयपुर विश्राम गृह में मंगलवार को उपसरपंच संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामलाल जायसवाल और जनपद सदस्य अर्जुन सिंह मौजूद रहे। बैठक में शासन की योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर निष्पक्षता से लागू करने पर चर्चा हुई। संघ का उद्देश्य उपसरपंचों को उनके अधिकारों की जानकारी देना और पंचायत में उनकी भूमिका को मजबूत करना है। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत सरगवा के उपसरपंच संतोष जायसवाल को उदयपुर विकासखंड के उपसरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। शायर के उपसरपंच चंद्रबसु यादव और महेशपुर की उपसरपंच तुलसीदास को उपाध्यक्ष बनाया गया। सलका के उपसरपंच खेलावन निषाद सचिव नियुक्त किया गया। सहसचिव का दायित्व श्यामलाल यादव को मिला। सोनतराई के उपसरपंच अमन अग्रवाल कोषाध्यक्ष बने। संघ में मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी चंद्रिका यादव को सौंपी गई। बैठक में ब्लॉक के सभी उपसरपंच उपस्थित रहे। ब्लॉक के उपसरपंच संघ अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने कहा कि हम सब मिलकर शासन की योजनाओं को ग्रामीण स्तर के अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाना है। बाहरी लोगों के द्वारा पंचायत के कार्यों में शोषण नहीं होने देंगे।

### पीईकेबी खदान क्षेत्र के स्कूलों में मनाया गया पृथ्वी दिवस



**अम्बिकापुर।** पीईकेबी खदान में अदाणी समूह के पर्यावरण विभाग ने विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम की इस वर्ष की थीम हमारी धरती, हमारी शक्ति' रही जो पर 21 और 22 अप्रैल को परसा, बासेन, घाटबर्रा, तारा और साल्ही गाँवों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों, कन्या आश्रम और अदाणी विद्या मंदिर के लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ड्रॉइंग, रंगोली और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 और कक्षा 6 से 10 के दो वर्गों में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### सुशासन तिहार आवेदनों पर तत्पर कार्रवाई शहर की सफाई व्यवस्था हुई बेहतर



**सूरजपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका द्वारा नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया गया है। इस पहल के तहत वार्ड स्तर पर नागरिकों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए सफाई से संबंधित आवश्यक कार्य संपन्न किए गए। वार्ड क्रमांक 12 के निवासी राकेश अग्रवाल के आवेदन पर त्वरित सफाई कार्य किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 7 के दीपक मित्तल द्वारा बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय की सफाई की मांग पर भी आवश्यक कार्रवाई की गई। वार्ड क्रमांक 6 के शैलेश गोयल की पहल पर भैयाथान रोड पर नियमित सफाई प्रारंभ की गई है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 5 के भरत प्रजापति के अनुरोध पर नाली सफाई कार्य संपन्न हुआ, साथ ही अम्बिकापुर रोड एवं मनेन्द्रगढ़ रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर रात्रिकालीन सफाई नियमित रूप से की जा रही है। वार्ड क्रमांक 3 के बजरंग द्वारा उठाए गए मुद्दे के अनुसार दुल्ही तालाब की सफाई भी पूर्ण कर दी गई है। नगर पालिका की इस तत्परता से नागरिकों में सकारात्मक संदेश गया है तथा सुशासन तिहार के उद्देश्यों की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

### ट्रामा सेंटर एवं आई बैंक स्थापना की बाधाओं का हो त्वरित निराकरण, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा ने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को ज्ञापन सौंप मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अति आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अस्पताल



परिसर में ट्रामा सेंटर के लिए निर्मित भवन निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं है जिसके कारण अस्पताल प्रबंधन भवन का आधिपत्य नहीं ले रहा है। भवन के अभाव में ट्रामा सेंटर प्रारम्भ करने में अड़चन खड़ी हो गई है। शासन द्वारा वर्ष 2017-18 में आई बैंक की स्थापना के लिए 25 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन 7 साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद आई बैंक प्रारंभ नहीं हो सका है। सरगुजा के लगभग 30 व्यक्ति नेत्रदान करने की घोषणा कर चुके हैं तथा कुछ ने नेत्रदान किया भी है। नेत्रदान के लिए बिलासपुर आई बैंक का सहारा लेना पड़ रहा है। इसी तरह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक साल से ब्लड सेपरेटर मशीन पड़ी है। लायसेंस के अभाव में मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। मशीन का संचालन नहीं होने के कारण रक्त का अन्य उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव से ट्रामा सेंटर, आई बैंक स्थापना एवं ब्लड सेपरेटर मशीन से संबंधित बाधाओं का त्वरित निराकरण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कराने की मांग की है।

## महीनों से बेकार बह रहा एनीकट में जमा पानी

# 8 सालों में कनहर एनीकट के जर्जर चार गेट की नहीं हो सकी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजगंज

तहसील मुख्यालय रामानुजगंज में पेयजल संकट के निराकरण के लिए एक दशक पूर्व कनहर नदी पर निर्मित एनीकट सफेद हाथी बनकर रह गया है। तकनीकी खामियों एवं एनीकट में पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण नगर पंचायत क्षेत्र को इसका कोई लाभ नहीं मिल सका। खास बात है कि एनीकट के चार गेट वर्षों से खराब पड़े हैं तथा लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। निर्माण के बाद एनीकट के रखरखाव पर विभाग लाखों रूपए खर्च कर चुका है लेकिन कभी जल संकट से जूझ रहे लोगों के राहत के लिए खराब गेटों को सुधारने की पहल नहीं हो सकी।

**खास बातें**
- गर्मी में जल संकट से जूझ रहे नगरवासी
- रेत से रिसे पानी से नपं बुझा रहा लोगों की प्यास

नगर पंचायत रामानुजगंज में दशकों पुरानी जल आवर्धन योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। सामान्य दिनों में तो लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध होता है लेकिन गर्मी के दिनों में कनहर नदी की धार कमजोर होते ही भीषण जल संकट उत्पन्न हो जाता है। इस दौरान नगर पंचायत को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। नगर पंचायत प्रबंधन सूखी नदी के रेत में पोखरी तैयार कर रिसे हुए पानी से लोगों की प्यास बुझाता है। इस बार भी मार्च में कनहर की धार पतली होने के बाद नगर पंचायत को नदी में पोखरी तैयार करनी पड़ी।



एनीकट के जर्जर गेट से बहता पानी।

जल संकट के निराकरण के लिए तत्कालीन जनप्रतिनिधियों की पहल पर शासन द्वारा वर्ष 2013 में कनहर नदी में एनीकट निर्माण के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने एनीकट तो तैयार कर दिया लेकिन इसका लाभ कभी नगरवासियों को नहीं मिल सका। नदी के निचले क्षेत्र में निर्माण होने के कारण बरसात शुरू होते ही एनीकट रेत से पट गया। लगातार आलोचना होने के बाद अधिकारी एनीकट को रेत से बचाने का उपाय खोज ही रहे थे कि चार गेट जर्जर हो गए तथा पानी का रिसाव होने लगा। अधिकारी हर साल एनीकट के रख-रखाव की खानापूर्ति करते रहे लेकिन कभी एनीकट के जर्जर गेटों की मरम्मत कराने की पहल नहीं की। हालत यह है एनीकट का पानी बरसात के बाद से ही जर्जर गेटों से लगातार बह रहा है इधर नगरवासी रेत से रिसे पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। एक महीने पूर्व विभाग के अधिकारियों ने पानी का रिसाव रोकने काली मिट्टी की परत चढ़ाई थी लेकिन यह उपाय कारगर नहीं हो सका। दो-तीन दिन बाद ही काली मिट्टी बह गई तथा पूर्व की तरह फिर से पानी का रिसाव होने लगा।

**अनेको बार किया गया पत्राचार**

एनीकट के जर्जर गेट को सुधारने जल संसाधन विभाग से अनेकों बार पत्राचार किया गया है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एनीकट में रेत भरने के कारण पर्याप्त जल का भराव नहीं होता। पेयजल समस्या का निराकरण नई परियोजना से ही संभव है। परियोजना के लिए नए एनीकट की भी जरूरत पड़ेगी।
**-रमन अग्रवाल,** अध्यक्ष, नपं रामानुजगंज

**10 सालों से समस्या**

नगर पंचायत रामानुजगंज में पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं हुई है जब सूखी नदी में पोखरी खोदना पड़ा। पिछले 10 सालों से नगर पंचायत इस समस्या से जूझ रही है। कनहर नदी में पानी रहने पर पेजयल आपूर्ति में कोई समस्या नहीं होती लेकिन गर्मी शुरू होते ही नदी की धार सूखने पर नपं को हर साल रेत में पोखरी खोदना पड़ता है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है पानी का रिसाव कम होने लगता है। नपं प्रबंधन भी समय-समय पर पोखरी की गहराई और आकार बढ़ाते जाता है। अंतिम समय में समस्या विकराल बन जाती है। इस बार जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने गेट मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजने एवं शीघ्र जर्जर गेटों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था लेकिन इस साल भी गेटों को मरम्मत होने की उम्मीद नहीं है।

**चाहिए दूसरी योजना**

लगातार बढ़ती आबादी को देखते हुए जनप्रतिनिधि अब आवश्यकता के अनुरूप पेयजल आपूर्ति के लिए नई जल आवर्धन योजना की जरूरत बता रहे है। चाल साल पूर्व तत्कालीन राज्य सरकार ने नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी दो साल में योजना के लिए स्थल का चिन्हांकन तक नहीं कर सके जिसके कारण योजना खटाई में पड़ गई। जनप्रतिनिधि फिर से नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति के लिए पहल कर रहे हैं।



## जिला पंचायत कार्यालय के डाटा सेंटर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

गुरुवार की दोपहर जिला पंचायत कार्यालय में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। आगजनी के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है लेकिन इस घटना में कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर, समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गए। आग इतनी भीषण थी कि दमकल टीम को आधे घंटे से अधिक का समय लग गया। अब इस आगजनी की घटना से हुए नुकसान को लेकर कोई भी जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

- कम्प्यूटर, फ़ाइल समेत अन्य सामान जले, शोर्ट सर्किट के कारण हुई घटना

बताया जा रहा है कि गुरुवार की दोपहर 1 बजे लोगों को जिला पंचायत भवन की तरफ से धुआं निकलता दिखा जिसके बाद जिपं परिसर में हडकंप मच गया। धुआं निकलता देख कर्मचारी और लोग तत्काल कार्यालय की ओर भागे लेकिन आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में जिला पंचायत कार्यालय डाटा सेंटर के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के कारण मौके पर ही कम्प्यूटर, फ़ाइल, कुर्सी, टेबल सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए। कर्मचारियों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में दो कम्प्यूटर समेत अन्य सामान जलने की बात सामने आ रही है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है लेकिन शोर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। गनीमत रही की घटना के दौरान कक्ष में कोई मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ा हादसा टल गया लेकिन इस घटना ने एक बार फिर से शासकीय कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में कार्यालय में एसी, कूलर सहित अन्य विद्युत उपकरण चल रहे है लेकिन विद्युत कनेक्शन के मेंटेनेंस और आग लगने पर बचाव को लेकर कोई भी विशेष व्यवस्था नहीं की गई है।

## दुकान के बाहर सामान निकालकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों पर अर्थदंड की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मुख्य बाजार एनएच 43 में मनमानी तरीके से दुकान के बाहर सड़क एवं नाली के ऊपर सामान रखकर फूटपाथ के साथ एन एच सड़क अवरुद्ध करने वाले व्यवसाईयों व दुकानदारों को फटकार लगाते हुए अर्थदंड वसूला गया, गौरतलब है कि सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर पिलखा उपतहसील के नायब तहसीलदार मीना सिंह की अगुवाई में नगर पंचायत शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा व बिश्रामपुर पुलिस बल ने गुरूवार की दोपहर बाद विशेष अभियान चलाया गया, उक्त मामले में जारी किये नोटिस और कई बार समझाइश के बावजूद मनमानी कर फुटपाथ व सड़क अवरुद्ध करने वाले दर्जन भर से अधिक दुकानदारों के खिलाफ अर्थदंड की कार्यवाही कर संबंधितों से दस हजार छह सौ की राशि वसूल की गई है। बता दें कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत गठन के बाद ऐसे मामलों में सख्ती बरतने की कवायद शुरू की गई है ताकि नगर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो सके और दुर्घटना का अंदेशा कम किया जा सके।इस पर कई बार राजस्व अमले द्वारा जिद्दी व हठी दुकानदारों को समझाइश भी दी गई, पिछले दिनों समझाइश की अनदेखी करने वाले दर्जनों दुकानदारों को नगर पंचायत सीएमओ ने नोटिस जारी कर अर्थदंड की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद व्यवसाईयों पर इसका असर नहीं हो रहा था।आज गुरूवार को पिलखा उपतहसील की नायब तहसीलदार ने सीएमओ नगर पंचायत और उनकी पूरी टीम व थाने की पुलिस को लेकर अभियान शुरू किया और फिर दर्जन भर व्यवसाई व दुकानदारों को सरेआम फटकार लगाई गई और उन सभी पर अर्थदंड की कार्रवाई की गई है।बताया गया कि अगली बार अतिक्रामक पाए जाने पर अर्थदंड की वसूली के साथ सामानों की जप्ती भी की जाएगी

- क15 दुकानदारों से 10,600 अर्थदंड की हुई वसूली



**इन दुकानदारों पर हुई अर्थदंड की कार्वाई**

जिन व्यवसाईयों और दुकानदारों पर अर्थदंड की कार्यवाही की गई है उनमें फल विक्रेता शैलेन्द्र गुप्ता,रामवकिल गिरी, सुमित गिरी, अमित गिरी,नत्थू किराना, साहिबा श्रृंगार, ज्योति श्रृंगार, लक्ष्मी मेटल, पॉपुलर सायकल, सांवरिया फर्नीचर, स्वागत इलेक्ट्रनिक्स, गोयल हार्डवेयर, महालक्ष्मी फर्नीचर, श्याम ऑटो, हरिओम ट्रेडर्स के नाम शामिल हैं। उक्त कार्रवाई में नगर पंचायत से ललन सिंह, गुप्तेश्वर गुप्ता, आनंद राम, योगेश प्रजापति की टीम सक्रिय रही।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

बारात में शामिल होने जाने तथा बाजार जाने के लिए निकले बाइक सवार अलग_अलग घटनाओं में वाहन की चपेट में आने से गंभीर हो गए। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन युवकों की उपचार के दौरान जान चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी शंकर राम मझवार आ स्व. सुखराम (23 वर्ष) बुधवार की दोपहर 3 बजे चचेरा भाई लक्ष्मण आ. शोभन राम (19 वर्ष) के साथ परिजन को बाजार जाने की बात कहकर बाइक से निकले थे। रात लगभग 1 बजे परिजन को सूचना मिली कि लखनपुर नवापारा चौक के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। सूचना पर परिजन तत्काल घटना स्थल पहुंचे और घायलों को देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में सामोबांध बभनी निवासी राजकुमार आ. स्व. रामजीत (35 वर्ष) 22 अप्रैल को अरविंद व एक अन्य युवक के साथ बाइक से चूना पाथर डिन्डो निवासी रिश्तेदार के बारात में शामिल होकर का ग्राम डुगरू बारात जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार सनावल अंतर्गत ग्राम सलवाही पहुंचे तभी





अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राज कुमार व अरविंद गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात राज कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं घायल अरविंद का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल



**बलरामपुर।** डुमरखी नाला के समीप पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार हेतु गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि पस्ता निवासी 25 वर्षीय शिव मंगल आ. दीपचंद 23 अप्रैल की शाम 7 बजे बलरामपुर की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान अंबिकापुर से रामानुजगंज की ओर जा रहे तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने डूमरखी नाला के समीप मोड़ पर बाइक चालक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इधर दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साप्ताहिक बाजार से लौट रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। इस राहत कार्य के दौरान पुलिस के साथ ही डूमरखी के ग्रामीण नवीन यादव, अमित यादव, हरीश यादव, गिरवर प्रसाद, अमित आदि का विशेष योगदान रहा।

## बारात में डीजे के गाना बजाने को लेकर युवकों ने की मारपीट

**बिश्रामपुर।** डीजे में गाना बजाने व बदलने की बात को लेकर विवाद पर बारात में हुए मारपीट मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय कुमार पैकरा पिता लालचंद पैकरा 23 वर्ष निवासी ग्राम सिरसी चौकी बसदेई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि गत दिनों 21 अप्रैल को वह ग्राम सिरसी से महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 1623 में डीजे लोडकर ग्राम राजकिशोरनगर बारात के काम से अपने साथियों के साथ गया था। जहां पर रात्रि करीब 12 बजे विवेक राजवाड़े अपने 5 अन्य साथियों के साथ डीजे में गाना बजाने व बदलने की बात को लेकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिए हैं। साथ ही आरोपियों द्वारा पिकअप वाहन का शीशा भी क्षतिग्रस्त कर मोबाइल को भी पटककर तोड़ दिए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## डीएवी स्कूल में प्राचार्य व अभिभावकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में अभिभावकों की बैठक प्राचार्य एचके पाठक की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में लेट फीस 2 हजार रुपए को अभिभावक संघ के अथक प्रयासों के बाद प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि इसे आगामी सत्र से पूर्ण रूप से हटाया जाएगा। साथ ही फीस पेमेंट सुविधा को 2 किस्तों की जगह अब 4 किस्तों में कराए जाने का भी आश्वासन दिया गया है। एसएमएस चार्ज, पुस्तकालय शुल्क, परीक्षा शुल्क एवं अन्य अतिरिक्त शुल्कों को भी नए सत्र 2025 से समाप्त किए जाने की बात कही गई है। बैठक में बालक एवं बालिका के शौचालयों का स्थायी निर्माण शीघ्र ही आरंभ करने की बात कहते हुए फिलहाल अस्थायी रूप से पृथक व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में गाय कैचर के निर्माण में विलंब होने की वजह से फिलहाल कुछ वैकल्पिक व्यवस्था करने का फैसला लिया गया है। शिक्षकों की गेट में ड्यूटी की निंदा करते हुए इस पर रोक लगाने की बात अभिभावकों द्वारा कही गई है।प्राचार्य द्वारा कक्षाओं में 15 नए स्मार्ट बोर्ड शीघ्र लगाए जाने एवं पुराने खराब स्मार्ट बोर्ड की मरम्मत कराने की जानकारी दी गई। सोमवार साप्ताहिक परीक्षा की शुरुआत करने व पढ़ाई में ध्यान देने पर भी जोर दिया गया। बच्चों को स्कूल के भीतर अनिवार्य रूप से इंग्लिश भाषा बोलने एवं नियम के पालन पर जोर देने के लिए प्राचार्य द्वारा आश्वासन दिया गया है।नए शिक्षकों की भर्ती का भी भरोसा दिया गया है। साथ ही अभिभावकों द्वारा अपील की गई कि अच्छे टीचर्स को इंटरव्यू के लिए भेजा जाना चाहिए।खेलकूद के लिए बच्चों को शाम में स्कूल आने की अनुमति दी गई। प्री-प्राइमरी भवन की सड़क एवं छाया निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण करने के अलावा वार्षिकोत्सव को अर्धवार्षिक परीक्षा पश्चात आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। छोटे बच्चों के लिए आंखों एवं दांतों की मेडिकल जांच कराने का भी आश्वासन प्राचार्य द्वारा दिया गया है।

- विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर हुई चर्चा






